*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com
वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

# वर्धा संस्कार की ओर से
# 'बगरयो बसंत है' का आयोजन

वर्धा दि. 8 फरवरी 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का सांस्कृतिक प्रकोष्ठ वर्धा




संस्कार की ओर से फैकल्टी एण्ड ऑफिसर्स क्लब और नागार्जुन सराय के सहयोग से बसंत पंचमी पर गीत-संगीत, कविता, कहानी और मंचन का उत्सव 'बगरयो बसंत है' का आयोजन 10, 11 एवं 12 फरवरी को किया जा रहा है। कार्यक्रम का प्रारंभ 10 को प्रख्यात कवि बुद्धिनाथ मिश्र का कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा सम्मान के साथ किया जाएगा। समारोह में कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र की विशेष उपस्थिति होगी।

हर दिन सायं 6.30 बजे से नागार्जुन मुक्ताकाशी मंच, नागार्जुन सराय के प्रांगण पर आयोजित इस समारोह के पहले दिन स्त्री अध्ययन विभाग के छात्र श्याम का बांसुरी वादन, अप्रमेय मिश्र का बसंत पर शास्त्रीय गायन, मनोज पांडेय एवं प्रदीप त्रिपाठी का कहानी पाठ होगा। 11 फरवरी को प्रदर्शनकारी कला विभाग के एम. ए. द्वितीय छमाही एवं बी. वोक. के छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। नागार्जुन की कविता 'सत्य' और 'अकाल के बाद' का मंचन सुरभि विप्लव के निर्देशन एवं

प्रदर्शनकारी कला विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेश शर्मा के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इसके बाद हरप्रीत कौर एवं बसंत त्रिपाठी, नागपुर का कविता पाठ होगा।

12 फरवरी को मंगेश भुरसे का बसंत पर शास्त्रीय गायन होगा। गायन के बाद वर्धा लेखक संघ के सहयोग से बहुभाषी कविता सम्मेलन होगा जिसमें कवि संजय इंगले तिगांवकर, राजेंद्र मुंडे, नुतन मालवी, नरेंद्र डेबे, संजय ओरके, मंजुशा चौगांवकर, नितीश भारद्वाज, कुमार गौरव, मेघा आचार्य, कृष्ण मोहन, प्रदीप त्रिपाठी, वैभव, विनय यादव और नेहा नेमा अपनी कविताएं प्रस्तुत करेंगे। आयोजन में उपस्थित रहने की अपील संयोजक राकेश श्रीमाल, कविता पाठक के संयोजक राकेश मिश्र, कथा पाठ के संयोजक अशोक मिश्र, व्यवस्था संयोजक संजीव झा ने की है।